इंडो-इजराइल कृषि परियोजना के तहत गगिनाऊ में बागवानी उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

22 जनवरी, 2023 को भारत में आए इजराइल के राजदूत नाओर गलिोन ने हरयिाणा के भविानी ज़लि के लोहारू वधिानसभा क्षेत्र के गाँव गगिनाऊ में साढ़े 12 करोड़ रुपए की लागत से तैयार करीब 50 एकड़ भूमि में बने अर्द्ध शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ कयिा।

प्रमुख बदिु

- इजराइल के राजदूत नाओर गलिोन ने बताया कि गाँव गगिनाऊ में इंडो-इजराइल कृषि परियोजना के तहत स्थापति बागवानी का उत्कृष्टता केंद्र दोनों देशों के राजनीतकि संबंधों के बीच लोकतांत्रकिों संबंधों को भी मज़बूती देगा।
- अर्द्ध शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना करने का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नए संसाधनों को वकिसति करना है, जसिसे कसिान खुशहाल हो।
- उन्होंने बताया कि अब इजराइल की तकनीक व जानकारी भारत में स्थानांतरति व नरिमति की जा रही है, जसिसे मेक इन इंडयिा पहल को और अधकि बढावा मलि रहा है। इस केंद्र के माध्यम से भारत में उत्पादति इजराइल आधारति कृषि तकनीक जैसे ड्रपि सचिाई, मल्चगि, ग्रीन हाऊस आदि का प्रदर्शन कयिा जाएगा।
- नाओर गलिोन ने बताया कि भारत में इंडो-इजराइल तकनीक पर नरिमति बागवानी उत्कृष्टता केंद्रों में गुणवत्ता वाली सब्जी की चार करोड़ से अधकि पौध व गुणवत्ता वाले फलों के पाँच लाख पौधे तैयार कयि जा रहे हैं। इन केंद्रों पर हर साल एक लाख 20 हज़ार से अधकि कसिानों को प्रशक्षिण भी मलि रहा है।
- हरयिाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जे.पी दलाल ने बताया कि इजराइल एक छोटा सा देश होते हुए भी कृषि व सुरक्षा सहति अनेक क्षेत्रों में अग्रणी है। आज इस देश की तकनीक को दूसरे देश भी अपना रहे हैं। इजराइल ने बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर अपने देश को स्वर्ग बनाया है तथा पूरी दुनयिा को बूँद-बूँद से खेती करने की तकनीक दी है।
- उन्होंने बताया कि हरयिाणा में बागवानी के बजट को 100 गुणा बढ़ाकर 8 करोड़ से 800 करोड़ रुपए कर दयिा गया है। प्रदेश में 500 एफपीओ स्थापति करने का लक्ष्य नरिधारति कयिा गया है।
- जे.पी दलाल ने बताया कि वर्ष 2030 तक 17 लाख एकड़ भूमि पर बागवानी का लक्ष्य रखा गया है। सोनीपत के गन्नौर में दुनयिा की सबसे बड़ी सब्जी मंडी स्थापति की जा रही है, जो 500 एकड़ में होगी, जसि पर ढाई हज़ार करोड़ की लागत आएगी और इससे हज़ारों लोगों को रोज़गार मलिेगा।
- उन्होंने बताया कि बागवानी में जोखमि को कम करने के लयि 'मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना' लागू की गई है, इस योजना के तहत 46 फसलों को कवर कयिा गया है। इसके अलावा 'भावांतर भरपाई योजना' के तहत 21 बागवानी फसलों को शामलि कयिा गया है।
- मंत्री जे.पी दलाल ने बताया कि देश में कसिानों के लयि सबसे अधकि योजना हरयिाणा में लागू की गई है। गगिनाऊ में बना उत्कृष्ट केंद्र कसिानों के साथ-साथ युवाओं के भवष्यि के लयि मील का पत्थर साबति होगा।
- इस सेंटर में अमरूद, बादाम, खजूर, अनार, नाशपाती, नींबू वर्गीय फल, बेर, ड्रैगन फ्रूट, रेड बल्ड माल्टा, स्ट्रॉबेरी, अवोकाडो आदि की उत्तम क्वालटिी की कस्मि तैयार की जाएगी। इस केंद्र से कसिानों को उच्च गुणवत्ता की सब्जयिों की पौध सस्ती दरों पर उपलब्ध होगी।
- इस हाइटेक ग्रीन हाउस में सब्जयिों की 30 से 40 लाख तक पौध को तैयार कयिा जाएगा। इसके अलावा फलों की पौध हेतु मदर ब्लॉक तैयार कयि जा रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/centre-of-excellence-in-horticulture-inaugurated-in-gignau-under-indo-israel-agriculture-project